**विधान परिषद के प्रथम सत्र,2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री मुकुल यादव मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर:-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| **14(क)** क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० वाराणसी में सहायक अभियन्ता के प्रमोशन के बाद कितने ऐसे अधिशासी अभियन्ता प्रा० खण्ड लो०नि०वि० में नियुक्त हुए है? | प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० वाराणसी में सहायक अभियन्ता के प्रमोशन के बाद 01 अधिशासी अभियन्ता नियुक्त हुए है। |
| **(ख)** प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० वाराणसी में दस लाख से कम निविदाएँ किस पेपर में प्रकाशित होती है? | दस लाख से कम की निविदा सूचना प्रचलित समाचार पत्र अमर उजाला, हिन्दुस्तान एवं काशीवार्ता में प्रकाशित हुई है। |
| **(ग)** क्या दस लाख से अधिक की निविदाएँ 30% कम पर प्राप्त हो रही है इसके विपरित ऑफ-लाइन की निविदाएँ 1% कम पर कैसे प्राप्त हो रही है? | निविदाओं की दरें निविदादाताओं द्वारा दी जाती है।<br>दस लाख से अधिक के कार्यों पर निविदा 0.11% से 60.00% कम दर पर प्राप्त हुई है तथा ऑफ लाईन निविदा 0.50% से 31.30% कम दर पर प्राप्त हुई है। |
| **(घ)** क्या दस लाख से अधिक कीं निविदायें विल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दर एवं आगणन में लगायी गयी दर 10% की भिन्नता है, जिसके वजह से 10% प्रत्येक कार्य में बचत होती है, जिसका भुगतान अतिरिक्त मद से कैसे किया जाता हैं? | आगणन में लगायी दरें अधीक्षण अभियन्ता द्वारा जारी दर अनुसूची (विभागीय शेड्यूल ऑफ रेट) एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार/सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दर विश्लेषण के अनुसार आंकलित की जाती है, तदोपरान्त निविदा प्रपत्र में अंकित की जाती है।<br>निविदा में बचत की धनराशि को घटाकर विभाग द्वारा अवशेष धनराशि आवंटित की जाती है तथा कार्य स्थल पर कार्य की विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोंपरान्त ही अतिरिक्त मदों का भुगतान किया जाता है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री